Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-02-2006
Participants : Chaudhary Shri Pankaj

>

Title : Need to provide funds to Madhwalia Gosadan working for the welfare of sick cattle in Maharajganj district, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के जनपद महाराजगंज, उ0प्र0 में लावारिस तथा बीमार पशुओं के लिए आश्रम स्थल, चारा-पानी तथा बीमार पशुओं को ले जाने के लिए एम्बूलेंस जैसी सुविधाओं का भारी अभाव है। उपरोक्त सुविधाओं के अभाव के कारण प्रायः पशु सडकों पर घूमते हुए वाहनों से घायल हो जाते हैं और उनकी सडक पर ही मृत्यु हो जाती है। मृतक पशु घंटों सडक पर पड़े रहते हैं, जिससे न केवल गंदगी फैलती है बल्कि वातावरण भी दूति होता है। इस जनपद में मधवलिया गोसदन है, जहां पर आवश्यक सुविधाओं के अभाव में लावारिस तथा बीमार पशुओं को रखने में कठिनाई होती है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मधवलिया गोसदन में आश्रय स्थल निर्माण, चारा-पानी, दवा तथा बीमार पशुओं को ले जाने के लिए एम्बुलेंस आदि सुविधाओं की व्यवस्था करने हेतु आवश्यक धन का प्रबंध करें, जिससे सडक पर मरने वाले पशुओं को बचाया जा सके और उनका समय पर उपयुक्त उपचार किया जा सके।